# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**06.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन–3 का उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कर्तव्य भवन–3 व्यापक बदलाव के बाद बने सेंट्रल विस्टा का हिस्सा है। यह आगामी कई सामूहिक केंद्रीय सचिवालय भवनों में पहला है जिनका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और शासन को चुस्त और अधिक सक्षम बनाना है।

**मौसम**

मॉनसून की सक्रियता के चलते राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में भारी वर्षा का दौर जारी है। इससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी वर्षा के चलते आज सोलन और सिरमौर जिला में शिक्षण संस्थानों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं कुल्लू जिला के आनी व निरमंड, जबकि शिमला जिला के ठियोग, चौपाल, रामपुर, सुन्नी, जुब्बल, डोडरा क्वार और कुमारसेन उपमंडल में भी आज शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार भूस्खलन से प्रदेश में चार नेशनल हाईवे व 613 सड़कें बंद हो गई हैं, वहीं 1491 बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। मौसम विभाग ने आज भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

*डिस्पैच– हिमाचल प्रदेश में दो दिनों से लगातार बारिश का सिलसिला चल रहा है जिससे कई जगहों पर लैंडस्लाइड और पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आ रही है आज भी देर रात से लगातार प्रदेश भर में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक आज प्रदेश में येलो लाइट जारी किया गया है कुछ एक इलाकों में भारी बारिश की भी संभावना बताई गई है। ताजा बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश में तीन न सहित 446 सड़के यातायात के लिए बाधित है, जबकि 360 बिजली ट्रांसफार्मर और 257 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं भारी बारिश को देखते हुए शिमला की ठियोग, चौपाल और कुमारसेन से उप मंडल में स्कूलों को बंद कर दिया गया है जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में भी कुछ इलाकों में एसडीएम ने अपने स्तर पर स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा*

**कैलाश यात्रा**

इस बीच खराब मौसम को देखते हुए किन्नर कैलाश यात्रा अगले आदेशों तक अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है। कल्पा के एसडीएम अमित कल्थाईक ने बताया कि यात्रा पर गए श्रद्धालुओं को मिलिंगखटा और गुफा में ठहराया गया है।

**कमलेश पासवान**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मन्त्री कमलेश पासवान ने कहा है कि 220 किलोमीटर लम्बे शिमला काँगड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन, दो लेन और पेव्ड शोल्डर में विकसित किया जा रहा है ये जानकारी उन्होंने काँगड़ा लोकसभा सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज को संसद में दी। उन्होंने बताया की इस राष्ट्रीय राजमार्ग में शिमला से शालघाट के बीच 31 दशमलव 5 सौ किलोमीटर लम्बे चार लेन मार्ग की बिस्तृत परियोजना रिपोर्ट के आधार पर लेन की आकृति इम्प्रूवमेंट की जाएगी।

**कुलदीप सिंह पठानिया**

आकांक्षी जिला चम्बा के लोगों को शिमला सहित प्रदेश के अन्य जिलों तक पहुँचने के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है किन्तु अब चम्बा के लोगों का वर्षो पुराना सुरंग निर्माण का सपना पूरा होगा। इस दिशा में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रयास तेज कर दिए हैं। प्रस्तावित चम्बा–चुवाड़ी सुरंग की फिसिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य शुरू हो गया है। **बाईट : कुलदीप सिंह पठानिया, विधानसभा अध्यक्ष**

*चंबा जिला में सुरंग के निर्माण की अति आवश्यकता है और हमने तो वर्ष 93–98 में इसके ऊपर बादल अपनी रखी थी मुझे प्रसन्नता है इस बात की है सरकार ने लगभग 4 करोड रुपए की लागत से उसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट बननी है टनल की, उसका टैंडर किया हैं, तो मुझे उम्मीद है कि पहला टनल निर्माण कार्य चंबा जिला में होगा और हमारी ये कोशिश है कि अगले दो सालों में इसका भूमि पूजन हो, बल्कि इसका निर्माण कार्य तीव्र गति में आगे बढ़े और चंबा को जोड़ने का हम प्रयास करेंगे 2027 तक।*

गौरतलब है कि वर्तमान में चम्बा से शिमला जाने के लिए करीब 500 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है वहीं 15 से 17 घंटे का समय भी लगता है। इस सुरंग के बन जाने से जहां कई किलोमीटर का सफर कम होगा वहीं समय व पैसे की भी बचत होगी।

**यूपीएससी – अलर्ट**

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने शैक्षणिक और व्यावसायिक संस्थानों के लिए अपने क्षेत्र से संबंधित यूपीएससी भर्ती विज्ञापनों के बारे में सीधे ईमेल अलर्ट प्राप्त करने की एक नई सुविधा शुरू की है। नई आउटरीच नीति के तहत, ईमेल अलर्ट सेवा की सदस्यता लेने के इच्छुक संस्थान की वेबसाइट में विषय पंक्ति के साथ अनुरोध भेज सकते हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा है कि यह नई पहल असमानता के मुद्दों को दूर करेगी और जरूरतमंद, योग्य तथा अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों तक पहुंच आसान बनाएगी।

**हादसा**

शिमला जिला के रोहडू क्षेत्र के चिड़गांव में एक निजी वाहन के पब्बर नदी में गिरने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**यूपीआई लेनदेन**

एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस यानि यू.पी.आई आधारित दैनिक लेनदेन पहली बार 70 करोड़ को पार कर 70 करोड़ 70 लाख पहुँच गई है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, यह उपलब्धि 2 अगस्त को हासिल हुई। पिछले दो वर्षों में, दैनिक लेनदेन की संख्या दोगुनी हो गई है, हालाँकि लेनदेन राशि में वृद्धि पिछले वर्षों की तुलना में धीमी रही है। केंद्र सरकार ने यूपीआई के लिए प्रतिदिन सौ करोड़ लेनदेन हासिल करने का लक्ष्य रखा है। यूपीआई अब भारत में सभी डिजिटल लेनदेन का लगभग 85 प्रतिशत और दुनिया भर में सभी रीयल–टाइम डिजिटल भुगतानों का लगभग 50 प्रतिशत संचालित करता है।